KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
## Biology - MCQ (56)

**1.** सजीव वस्तुओं को वनस्पति जगत/जन्तु जगत जैसे उपवर्गों में समूहित किया गया हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, जन्तु जगत के लिए सही नहीं है-
(a) वे अपना भोजन नहीं बना सकते
(b) शरीर में सेलुलोज होता है
(c) इनमें क्लोरोफिल नहीं होता
(d) एक स्थान से दूसरे स्थान पर अभिगमन करते हैं

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म ठण्डे रक्त वाले जानवरों की श्रेणी में आता है?
(a) मेढ़क एवं सर्प (b) चमगादड़ एवं चूहा
(c) सर्प एवं पक्षी (d) पक्षी एवं बंदर

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, नियततापी प्राणियों का है?
(a) मगरमच्छ और शुतुरमुर्ग (b) हैगफिश तथा डॉगफिश
(c) कछुआ तथा शुतुरमुर्ग (d) मोर तथा ऊँट

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. नियततापी जन्तु उस शीत पर्यावरण में सक्रिय बने रहते हैं जिसमें अनियततापी जन्तु मुश्किल से ही हिल सकते हैं।
2. अनियततापी जन्तुओं को नियततापी जन्तुओं की अपेक्षा काफी कम ऊर्जा, जीवित बने रहने के लिए आवश्यक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न ही 1 न ही 2

**5.** अनियततापी प्राणी कौन हैं?
(a) वे प्राणी जिनके रुधिर में हीमोग्लोबिन नहीं होता
(b) वे प्राणी जो खूँखार नहीं होते
(c) वे प्राणी जिनका शारीरिक तापमान स्थिर रहता है
(d) वे प्राणी जिनका शारीरिक तापमान वातावरण के तापमान के अनुरूप बदलता रहता है

**6.** निम्नलिखित में से कौन-से जीव में रक्त नहीं होता, किन्तु वे साँस लेते हैं?
(a) हाइड्रा (b) तिलचट्टा
(c) केंचुआ (d) मछली

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्वजीवी प्राणी है?
(a) यकृत पर्णाभ (b) वूचेरेरिया
(c) प्लाज्मोडियम (d) प्लेनेरिया

**8.** गोलकृमि (निमटोड) से होने वाला रोग हैं-
(a) फाइलेरिया (b) फ्लुओरोसिस
(c) इन्सेफ्लाइटिस (d) कुष्ठ

**9.** किस प्राणी के जीवद्रव्य में हीमोग्लोबिन का विलय हो जाता है?
(a) मेढ़क (b) मत्स्य
(c) मानव (d) केंचुआ

**10.** अंग/भाग, जो चलन में सहायता करता हे, के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(a) युग्लीना : फ्लेजेलम (कशाभ)
(b) पैरामीशियम : सिलिया (पक्ष्माभ)
(c) नेरीस : पादाभ
(d) स्टारफिश : नाल-पद

**11.** निम्नलिखित में से किसकी शारीरिक बनावट (संघटन) में एक द्विपार्श्विक समरूपता होती है?
(a) तारामीन (b) समुद्री ऐनिमोन
(c) नेरीस (d) इकाइनस (तीक्ष्णवर्धी)

**12.** निम्नलिखित प्राणियों में से किस एक के बाह्यकाय आच्छादन का आवर्ती निर्मोचन नहीं होता?
(a) तिलचट्टा (b) नाग
(c) केंचुआ (d) व्याध-पतंग

**13.** फेरोमोन्स पाये जाते हैं-
(a) कीटों में (b) सांपों में
(c) पक्षियों में (d) चमगादड़ों में

**14.** फेरोमोन्स उदाहरण हैं:
(a) वृद्धि हॉर्मोन्स के (b) अन्त: हॉर्मोन्स के
(c) बाह्य हॉर्मोन्स के (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन कीट नहीं है?
(a) घरेलू मक्खी (b) खटमल
(c) मच्छर (d) मकड़ी

**16.** मकड़ी, कीट से भिन्न होती है, क्योंकि मकड़ी में पायी जाती है-
(a) छः टाँगें (b) आठ टाँगें
(c) दस टाँगें (d) बारह टाँगें

**17.** मच्छरों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. केवल नर रक्त चूसते हैं
2. केवल मादा रक्त चूसती हैं
3. केवल मादा पौधों का रस चूसती हैं
4. मादा की अपेक्षा नर के डैने बड़े होते हैं
5. नर की अपेक्षा मादा के डैने बड़े होते हैं

इनमें से-
(a) केवल 2 और 4 सही हैं
(b) केवल 1 और 2 सही हैं
(c) केवल 3 और 5 सही हैं
(d) केवल 2 और 5 सही हैं

**18.** मधुमक्खी कॉलोनी के सदस्य एक-दूसरे को किस प्रकार पहचानते हैं?
(a) गन्ध से (b) दृष्टि से
(c) नर्तन से (d) स्पर्श से

**19.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
1. नर अगुणित होते हैं।
2. कर्मी (वर्कर) बंध्य और द्विगुणित होते हैं।
3. रानी, रॉयल जेली पर पोषित हुए द्विगुणित लार्वों से विकसित होती है।
4. शहद, नरों द्वारा संगृहीत/निर्मित किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 4

**20.** रेशम का कीड़ा (Silk Worm) अपने जीवन-चक्र के किस चरण में वाणिज्यिक तंतु (Fiber of Commerce) पैदा करता है-
(a) अण्डा (b) डिंभक
(c) कोशित (d) पूर्ण कीट

**21.** निम्नलिखित प्राणियों में से तीन जोड़ी पैरों वाला एक प्राणी चुनिए।
(a) मकड़ी (b) बिच्छू
(c) खटमल (d) कुटकी (माइट)

**22.** निम्नलिखित में से किस जीव का रक्त सफेद होता है?
(a) छिपकली (b) तिलचट्टा
(c) घरेलू खटमल
(d) मच्छर

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वर्ग अभिनिर्धारित जातियों की संख्या के आधार पर सर्वाधिक बहुल है?
(a) कवक (b) हरित पादप
(c) जीवाणु (d) कीट

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीव, अन्य तीन जीवों के वर्ग का नहीं है?
(a) केकड़ा (b) बरुथी
(c) बिच्छू (d) मकड़ी

**25.** जुगनू होता है एक :
(a) मोलस्क (b) कीट
(c) कृमि (d) सूत्र कृमि

**26.** दीमक को यह भी कहते हैं:
(a) चींटी (b) लाल चींटी
(c) श्वेत चींटी (d) श्याम चींटी

**27.** शरीर रचना के किस वर्गीकरण से लॉबस्टर सम्बद्ध होता है?
(a) अरैक्निड्स (b) क्रस्टेशियन्स
(c) कीड़े-मकोड़े (d) मिरियापोड्स

**28.** निम्नलिखित में से किसका मस्तिष्क उसके शरीर के अनुपात में सबसे बड़ा होता है?
(a) चींटी (b) हाथी
(c) डॉलफिन (d) मानव

**29.** सबसे बड़ा अकशेरुकी है-
(a) ऑक्टोपस (b) स्किवड
(c) कोरल (d) जेलीफिश

**30.** निम्नलिखित में से कौन मछली नहीं है?
(a) स्टार फिश (b) सा फिश
(c) पाइप फिश (d) गिटार फिश

**31.** ऐसे प्राणी जो समुद्री हैं, द्विपार्श्विक रूप से सममित हैं, जिनमें एक प्रगुहा और एक पृष्ठरज्जु है, किन्तु कशेरुक दंड की रचना नहीं करते हैं, उन्हें निम्नलिखित में से किस समूह के अंतर्गत रखा गया है?
(a) कॉर्डेटा (रज्जुकी संघ) (b) प्रोटोकॉर्डेटा
(c) कशेरुकी (d) मैमेलिया

**32.** समुद्री जीव हवा के सम्पर्क के बिना जल में कैसे जीते है?
(a) उन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता नहीं होती
(b) वे जल से ऑक्सीजन लेते हैं
(c) वे अपने शरीर में ही ऑक्सीजन पैदा करते हैं
(d) वे जल के पौधों से ऑक्सीजन प्राप्त करते हैं

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

**33.** जल से बाहर निकाले जाने पर मछलियाँ मर जाती हैं क्योंकि-
(a) उन्हें ऑक्सीजन अधिक मात्रा में प्राप्त होती है
(b) उनका शारीरिक ताप बढ़ जाता है
(c) वे श्वास नहीं ले पाती हैं
(d) वे जल में नहीं चल पाती है

**34.** वर्गीकरण की जीव-विज्ञान संबंधी पद्धति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक असली मछली है?
(a) रजत मीनाभ (b) जेलीफिश
(c) कटलफिश (d) उड़न मीन

**35.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्राणी असमतापी है?
(a) डॉल्फिन (b) शार्क
(c) ह्वेल (d) सूँस

**36.** शार्क मछली में कितनी हड्डियाँ होती हैं?
(a) 100 (b) 0
(c) 200 (d) 300

**37.** निम्न में से कौन एक 'मीन' है?
(a) क्रे-फिश (b) कटल-फिश
(c) फ्लाइंग-फिश (d) सिल्वर-फिश

**38.** मछलियों में सामान्यत: श्वसन होता है-
(a) त्वचा द्वारा (b) नाक द्वारा
(c) गलफड़ों द्वारा (d) फिन्स द्वारा

**39.** निम्न में से कौन-सी वास्तविक रूप से मछली है?
(a) स्टारफिश (b) जैलीफिश
(c) डॉगफिश (d) कटलफिश

**40.** मच्छरों के नियंत्रण हेतु प्रयोग होने वाली कीटभक्षी मछली है-
(a) हिलसा (b) लेबियो
(c) गैम्बूसिया (d) मिस्टम

**41.** त्रिकोष्ठीय हृदय पाया जाता है-
(a) स्तनधारियों में (b) पक्षियों में
(c) उभयचरों में (d) मछलियों में

**42.** मेढ़क कोल्ड-ब्लड एनीमल है-
(a) सही (b) गलत
(c) इनमें से कोई नहीं (d) उपर्युक्त सभी

**43.** निम्न में से कौन-सा जीव अपनी त्वचा से साँस लेता है?
(a) मछली (b) कबूतर
(c) मेढ़क (d) तिलचट्टा

**44.** किस प्राणी के प्लाज्मा में ब्लड सस्पेन्डेड होता अथवा बनता है?
(a) मानव (b) मेढ़क
(c) इनसेक्ट (d) स्यूडोमोनास

**45.** एम्फीबिया बताता है-
(a) बहुत तेजी से चलने वाली नाव को
(b) केवल जल में ही रह सकने वाले पशुओं को
(c) केवल स्थल पर ही रह सकने वाले पशुओं को
(d) जल एवं स्थल दोनों पर ही रह सकने वाले पशुओं को

**46.** वह कौन-सा केवल एक साँप है जो घोंसला बनाता है?
(a) चेन वाइपर (b) किंग कोबरा
(c) क्रैत (d) आरादन्ती-शल्की वाइपर

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी उडानरहित नहीं है?
(a) कीवी (b) एमू
(c) शुतुरमुर्ग (d) सारस-क्रेन

**48.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, स्तनधारियों के लिए सत्य नहीं है?
(a) उनके शरीर पर बाल होते है।
(b) उनमें से कुछ अण्डे देते है।
(c) उनके हृदय में तीन कोष्ठ होते है।
(d) कुछ जलीय होते हैं।

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर सबसे बड़े बच्चे को जन्म देता है?
(a) हाथी (b) गैंडा
(c) नीली व्हेल (d) दरियाई घोड़ा

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी दुग्ध उत्पादित करता है?
(a) गौरेया (b) फाख्ता
(c) कौआ (d) कपोत

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (B) | 02. | (A) | 03. | (D) | 04. | (C) | 05. | (D) |
| 06. | (A) | 07. | (D) | 08. | (A) | 09. | (D) | 10. | (C) |
| 11. | (C) | 12. | (C) | 13. | (A) | 14. | (C) | 15. | (D) |
| 16. | (B) | 17. | (D) | 18. | (C) | 19. | (C) | 20. | (C) |
| 21. | (C) | 22. | (B) | 23. | (D) | 24. | (A) | 25. | (B) |
| 26. | (C) | 27. | (B) | 28. | (A) | 29. | (B) | 30. | (A) |
| 31. | (B) | 32. | (B) | 33. | (C) | 34. | (D) | 35. | (B) |
| 36. | (B) | 37. | (C) | 38. | (C) | 39. | (C) | 40. | (C) |
| 41. | (C) | 42. | (A) | 43. | (C) | 44. | (B) | 45. | (D) |
| 46. | (B) | 47. | (D) | 48. | (C) | 49. | (C) | 50. | (D) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# History -MCQ (56)

**1.** प्रतिहार अभिलेखों में सन्दर्भित सिक्कों का नाम बताइए-
(a) शतमान (b) निष्क
(c) दीनार (d) द्रम्म

**2.** गुर्जर प्रतिहार शासकों में से किसकी उपाधि 'आदि वराह' थी?
(a) वत्सराज (b) नागभट्ट II
(c) मिहिर भोज (d) नागभट्ट I

**3.** अरब यात्री सुलेमान ने किस भारतीय शासक की सैनिक शक्ति और राज्य में व्याप्त शांति और व्यवस्था की प्रशंसा की है?
(a) मिहिरभोज (b) कुमारपाल चालुक्य
(c) जयचन्द्र गहड़वाल (d) पृथ्वीराज चौहान

**4.** निम्नलिखित ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम कालक्रमानुसार संयोजित कर नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. नागभट्ट II
2. महीपाल
3. महेन्द्रपाल
4. वत्सराज
कूट :
(a) 2, 3, 1, 4 (b) 4, 1, 3, 2
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 1, 4, 2

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा शासक गुर्जर-प्रतिहार राजवंश से संबंधित नहीं है?
(a) नागभट्ट-II (b) महेन्द्रपाल-I
(c) देवपाल (d) भरत्र भट्ट-I

**6.** पाल और प्रतिहार प्रशासन में 'पत्तला' से तात्पर्य था :
(a) सैन्य टुकड़ी (b) 'विषय' से नीचे की इकाई
(c) सिंचाई कर (d) दान में दी हुई भूमि

**7.** गहड़वाल वंश का संस्थापक कौन था जिसने कन्नौज को अपनी शक्ति का प्रमुख केन्द्र बनाया?
(a) जयचन्द्र (b) विजयचन्द्र
(c) चन्द्रदेव (d) गोविंद

**8.** वह कौन-सा गहड़वाल राजा था, जिसने एक नये प्रकार का कर 'तुरुष्क दंड' लगाया?
(a) जयचन्द्र (b) गोविन्दचन्द्र
(c) चन्द्रदेव (d) विजय चन्द्र

**9.** 'तुरुष्कदण्ड' किस राज्य में लगाया गया था?
(a) प्रतिहार (b) चौहान
(c) गहड़वाल (d) परमार

**10.** गोविन्द्रचन्द्र गहड़वाल की एक रानी कुमारदेवी ने धर्मचक्र जिन विहार कहाँ बनवाया था?
(a) बोध गया (b) राजगृह
(c) कुशीनगर (d) सारनाथ

**11.** चौहान ने दिल्लिका (दिल्ली) किससे छीनी थी?
(a) गहड़वालों से (b) गुर्जर प्रतिहारों से
(c) तोमरों से (d) चन्देलों से

**12.** श्री अजयपाल संस्थापक थे-
(a) अलवर के (b) भरतपुर के
(c) अजमेर के (d) चित्तौड़गढ़ के

**13.** 'परमार वंश' का संस्थापक कौन था?
(a) अजय पाल (b) कृष्णराज
(c) कनक रॉव (d) जगत पाल

**14.** निम्नलिखित में से किसका विरुद्ध 'अमोघवर्ष' था?
(a) मुंज परमार (b) राजेन्द्र चोल
(c) गोविन्द चन्द्र गहड़वाल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** 'नवसाहसाङ्क' निम्न में किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(a) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (b) सिन्धुराज
(c) भोज परमार (d) कुमारपाल

**16.** निम्नलिखित में से किसने मुंजसागर नामक तडाग खुदवाया था?
(a) हर्ष (b) पुलकेशिन II
(c) वाक्पति II (d) भोज

**17.** किस राजा को उसके एक अभिलेख में 'कविराज' कहा गया है?
(a) प्रतिहार राजा मिहिरभोज (b) परमार राजा भोज
(c) पाल राजा धर्मपाल (d) चालुक्य राजा कुमारपाल

18. 'निरालम्बा सरस्वती (सरस्वती अब निराश्रय हो गयी)' एक कवि द्वारा किसकी मृत्यु पर कहा गया?
(a) चाहमान वीसलदेव (b) चन्देल कीर्तिवर्मा
(c) मिहिर भोज (d) भोज परमार

19. इनमें से कौन परमार वंश का शासक नहीं था?
(a) उपेन्द्र (b) मुंज
(c) गांगेयदेव (d) उदयादित्य

20. पुराणों के अनुसार, चन्द्रवंशीय शासकों का मूल स्थान था-
(a) काशी (b) अयोध्या
(c) प्रतिष्ठानपुर (d) श्रावस्ती

21. जेजाकभुक्ति प्राचीन नाम था-
(a) बघेलखंड का (b) बुंदेलखंड का
(c) मालवा का (d) विदर्भ का

22. किस चन्देल राजा का एक अन्य नाम लक्ष्मणवर्मन् था?
(a) धंग (b) हर्ष
(c) वाक्पति (d) यशोवर्मन्

23. धंगदेव किस वंश का शासक था?
(a) जेजाकभुक्ति के चंदेल (b) मालवा के परमार
(c) महिष्मति के कलचुरी (d) त्रिपुरी के कलचुरी

24. निम्न में से कौन चन्देल शासक जो महमूद गजनवी से पराजित नहीं हुआ था-
(a) धंग (b) विद्याधर
(c) जयशक्ति (d) गंड

25. कौन-सा राजवंश मध्य प्रदेश से सम्बन्धित है?
(a) कलचुरि (b) प्रतिहार
(c) चालुकय (d) काकतीय

26. एक लम्बे अन्तराल के बाद निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम सोने के सिक्के चलाये?
(a) गाङ्गेयदेव (b) गोविन्द चन्द्र
(c) कर्ण (d) कीर्तिवर्मा

27. निम्नलिखित में से कौन गुजरात के सोलंकी राजवंश का संस्थापक था?
(a) महिपाल I (b) मूलराज
(c) गोविन्द III (d) अमोघवर्ष

28. निम्नलिखित में से किसका राज्य जैन धर्म मानने वाले तथा जैन मंदिरों का निर्माण करने वाले धनाढय व्यापारियों के लिए ख्यात था?
(a) गुर्जर-प्रतिहार (b) चालुक्य
(c) गहड़वाल (d) काकतीय

29. निम्नलिखित में से किसने खम्भात में तोड़ी गई मस्ज़िद के पुनर्निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की थी?
(a) चामुण्डराय (b) जयसिंह सिद्धराज
(c) कुमारपाल (d) महीपाल देव

30. निम्नलिखित राजाओं में से किसने अपने राज्य में मदिरा का उत्पादन एवं विक्रय निषिद्ध कर दिया था?
(a) हर्ष (b) धर्मपाल
(c) भोज (d) कुमारपाल

31. महमूद गजनवी के विध्वंस के पश्चात् सोमनाथ मन्दिर का पुनर्निर्माण किसने करवाया था?
(a) धारा का भोज
(b) आन्हिलपाटन का कुमारपाल
(c) देवगिरि का रामचन्द्र
(d) शाकम्भरी का विग्रहराज

32. 'द्वारसमुद्र' किस राजवंश की राजधानी थी?
(a) गंग (b) काकतीय
(c) होयसल (d) कदम्ब

33. कदम्ब राजाओं की राजधानी थी-
(a) तंजौर (b) वनवासी
(c) कांची (d) बादामी

34. सूची I (राजवंश) एवं सूची II (राजधानी) को कूट के आधार पर मिलाइये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| 1. प्रतिहार | A. तंजौर |
| 2. चोल | B. अन्हिलवाड़ |
| 3. परमार | C. धारा |
| 4. सोलंकी | D. कन्नौज |

कूट :
(a) D - A - B - C (b) D - C - B - A
(c) D - B - A - C (d) D - A - C - B

35. निम्नलिखित राजपूत वंशों में से किसने, ग्यारहवीं शताब्दी में, दिल्लिका (देहली) शहर की स्थापना की थी?
(a) परमार वंश (b) सोलंकी वंश
(c) तोमर वंश (d) चौहान वंश

36. चारण साहित्य में निम्नांकित राजवंशों में से किनकी उत्पत्ति आबू पर्वत पर वशिष्ठ के यज्ञ कुण्ड से बतलाई गई है?
1. चाहमान 2. चालुक्य
3. परमार 4. प्रतिहार
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर निर्दिष्ट कीजिए-
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4 (d) 1, 2

37. पूर्व मध्यकालीन अभिलेख में मिलने वाले 'मण्डपिका' शब्द का आशय है-

(a) आश्रम (b) चुंगी घर

(c) धर्मशाला (d) सभागृह

38. पूर्व मध्यकाल में दण्डपाशिक किस तरह का अधिकारी था?

(a) द्वारपाल

(b) न्यायिक अधिकारी

(c) पुलिस अधिकारी

(d) राजस्व अधिकारी

39. पूर्व मध्यकालीन निम्नलिखित सिक्कों में कौन मूल्य में सबसे छोटा था?

(a) द्रम्म (b) द्रम्मस्टक्

(c) रूपक (d) विंशोपक

40. निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा स्थान पूर्व मध्यकाल में शिक्षा का केन्द्र नहीं था?

(a) नालन्दा (b) विक्रमशिला

(c) तक्षशिला (d) उदन्तपुर

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (D) | 02. | (C) | 03. | (A) | 04. | (B) | 05. | (D) |
| 06. | (B) | 07. | (C) | 08. | (B) | 09. | (C) | 10. | (D) |
| 11. | (C) | 12. | (C) | 13. | (B) | 14. | (A) | 15. | (B) |
| 16. | (C) | 17. | (B) | 18. | (D) | 19. | (C) | 20. | (C) |
| 21. | (B) | 22. | (D) | 23. | (A) | 24. | (B) | 25. | (A) |
| 26. | (A) | 27. | (B) | 28. | (B) | 29. | (B) | 30. | (D) |
| 31. | (B) | 32. | (C) | 33. | (B) | 34. | (D) | 35. | (C) |
| 36. | (A) | 37. | (B) | 38. | (C) | 39. | (D) | 40. | (C) |

❑❑❑

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (56)

**1.** बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के 42 वें अधिवेशन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है ?
1. प्रो. राम मोहन पाठक को डॉ. राजेंद्र प्रसाद हिंदी सेवी सम्मान 2022-23 से सम्मानित किया गया।
2. प्रो. चक्रधर त्रिपाठी को आचार्य शिवपूजन सहाय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**2.** बिहार के किस मंत्रालय को ट्रांसजेंडर के सामाजिक समावेश के लिए स्कॉच सिल्वर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया?
(a) समाज कल्याण मंत्रालय
(b) शिक्षा मंत्रालय
(c) कला, संस्कृति और युवा मामले मंत्रालय
(d) इनमें से कोई नहीं

**3.** बिहार के किस जिले में बेमौसम फल और सब्जी की खेती के लिए इजराइली तकनीक पर आधारित बिहार की पहली हाइड्रोपोनिक यूनिट की शुरुआत की गई है?
(a) दरभंगा (b) नालंदा
(c) पटना (d) सुपौल

**4.** निम्नलिखित में से बिहार के किस विभाग द्वारा 'भव्या ऐप' लॉन्च किया गया है?
(a) स्वास्थ्य विभाग (b) शिक्षा विभाग
(c) पर्यटन विभाग (d) इनमें से कोई नहीं

**5.** चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?
(a) यह जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग द्वारा जारी किया गया।
(b) इसमें मध्य प्रदेश प्रथम स्थान पर है।
(c) बिहार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** मई 2023 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के तहत मजदूरों को काम देने में बिहार का कौन सा जिला प्रथम स्थान पर रहा?
(a) मुंगेर (b) जमुई
(c) पटना (d) बांका

**7.** बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने बिहार में बाढ़ तथा सुखाड़ के प्रभाव को कम करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने हेतु कौन सा ऐप लॉन्च किया है?
(a) सुरक्षा ऐप (b) समाधान ऐप
(c) बेफिक्र ऐप
(d) इनमें से कोई नहीं

**8.** बिहार के किस जिले में भगवान बुद्ध की सबसे ऊंची प्रतिमा (108 फीट) का निर्माण किया जा रहा है?
(a) नवादा (b) नालंदा
(c) गया (d) पटना

**9.** बिहार में आयोजित 10वीं सीनियर नेशनल ड्रैगन बोट प्रतियोगिता के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?
(a) इसका आयोजन पूर्वी चंपारण के मोतीझील में किया गया।
(b) इसका उद्घाटन बिहार ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया।
(c) इसमें 19 राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया।
(d) इनमें में से कोई नहीं।

**10.** स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिहार शिक्षा विभाग ने वर्ष 2023- 24 में कितने छात्रों को लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया है?
(a) 56,000 (b) 72,000
(c) 83,000 (d) 90,000

**11.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खरीफ महाभियान- 2023 के तहत किस जिले से 36 प्रचार रथो को रवाना किया?
(a) पटना (b) पश्चिम चंपारण
(c) दरभंगा (d) वैशाली

**12.** मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए बिहार के किस विभाग को राष्ट्रीय स्तर का स्कॉच गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया?
(a) ग्रामीण विकास विभाग (b) जल संसाधन विभाग
(c) पंचायती राज विभाग (d) इनमें से कोई नहीं

**13.** बिहार में चौथा कृषि रोडमैप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है?
1. इसकी अवधि 2023 से 2028 तक है।
2. इसके तहत 1.62 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
3. इसके तहत दलहन, तिलहन तथा मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर दिया जाएगा।

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
(c) 1 एवं 3 (d) 1, 2 एवं 3

**14.** मई 2023 में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी अपनाने वाला भारत का पहला नगर निगम कौन बना है?
(a) पटना नगर निगम
(b) दिल्ली नगर निगम
(c) लखनऊ नगर निगम
(d) इनमें से कोई नहीं

**15.** बिहार के जीएसटी मॉडल को अपनाने के लिए किस राज्य ने वहां अधिकारियों की एक टीम भेजी है?
(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) उड़ीसा (d) छत्तीसगढ़

**16.** 13-14 मई 2023 को आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(a) इसका आयोजन बिहार के सिवान जिले में किया गया।
(b) यहां 21 देशों की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।
(c) भारत की दो फिल्मों ने अलग-अलग वर्ग में बेस्ट फिल्म अवार्ड जीता।
(d) इनमें से कोई नहीं

**17.** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने बिहार की किस नदी को घड़ियाल वन्य जीव अभ्यारण बनाने और इको सेंसेटिव जोन घोषित करने का निर्देश दिया है?
(a) सोन नदी (b) गंगा नदी
(c) गंडक नदी (d) इनमें से एक से अधिक

**18.** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने किस जिले में दो दिवसीय स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया?
(a) गया (b) पटना
(c) दरभंगा (d) मुजफ्फरपुर

**19.** बेंगलुरु, कर्नाटक में आयोजित 5वें इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चौंपियनशिप के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा / से कथन सही है?
1. डिस्कस थ्रो में बिहार के दीपक कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।
2. डिस्कस थ्रो में अर्चना कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता।
3. हाई जंप में शैलेश कुमार ने स्वर्ण पदक जीता।
(a) 1 एवं 2 (b) 1 एवं 3
(c) 2 एवं 3 (d) उपर्युक्त सभी

**20.** बिहार के पटना यूनिवर्सिटी की किस प्रोफेसर ने 'मिसेज बिहार 2023' का खिताब जीता है?
(a) डॉ. रोहिणी (b) प्रो. शैलजा चतुर्वेदी
(c) डॉ प्रीति सिंह (d) इनमें से कोई नहीं

**21.** बिहार के किस व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया में मेयर के पद पर नियुक्त किया गया है?
(a) आशुतोष मुखर्जी (b) सुब्रतो शर्मा
(c) समीर पांडे (d) यूके सिन्हा

**22.** बिहार के किस योजना को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाकर 6 अफ्रीकी देशों में लागू किया गया है?
(a) बालिका साइकिल योजना
(b) जल जीवन हरियाली अभियान
(c) कन्या उत्थान योजना
(d) इनमें से कोई नहीं

**23.** पंचायतों को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से 12 मई 2023 को पटना में 'टीबी मुक्त पंचायत अभियान' की शुरुआत किसने की?
(a) नीतीश कुमार (b) तेजस्वी यादव
(c) राजेंद्र विश्वनाथन अर्लेकर (d) श्री चंद्रशेखर

**24.** हाल ही में बिहार के किस जिले के मखाना अनुसंधान केंद्र को पुन: नेशनल रिसर्च सेंटर का दर्जा दिया गया है?
(a) दरभंगा (b) मधुबनी
(c) सुपौल (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीआरपीएफ में तैनात बिहार के जमुई जिले के डिप्टी कमांडेंट को शौर्य चक्र से सम्मानित किया है ?
(a) अशोक कुमार
(b) विक्की पांडेय
(c) सुभाष गुप्ता
(d) इनमें से एक से अधिक

**26.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किस जिले में स्थित सिमरिया धाम में सौंदर्यीकरण कार्यों की आधारशिला रखी है ?
(a) बेगूसराय (b) भागलपुर
(c) कटिहार (d) दरभंगा

**27.** 92वें स्कॉच समिट इंडिया इकोनॉमिक्स फोरम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है?
1. बिहार के श्रम संसाधन विभाग को बाल श्रम मुक्ति के लिए स्वर्ण पुरस्कार दिया गया।
2. बिहार कौशल विकास मिशन को रजत पुरस्कार प्रदान किया गया।
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 एवं 2 (d) न तो 1 और न ही 2

**28.** गुणवत्तापूर्ण मातृत्व देखभाल के लिए पूर्वी भारत के पहले कौशल संवर्धन केंद्र की शुरुआत कहां की गई है?
(a) पटना (b) मुजफ्फरपुर
(c) समस्तीपुर (d) नालंदा

**29.** 29 मई 2023 में जारी इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट 2022 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(a) 70% इंटरनेट यूजर के साथ गोवा देश का अग्रणी राज्य है।
(b) बिहार में वर्तमान में 32% इंटरनेट यूजर है।
(c) इंटरनेट यूजर के मामले में बिहार का देश में अंतिम स्थान है।
(d) इनमें से कोई नहीं

**30.** हाल ही में जारी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-20 के अनुसार बिहार के कितने जिलों में लिंगानुपात 900 से कम है?
(a) 11 (b) 16
(c) 19 (d) 23

**31.** विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्लांट लोड फैक्टर के आधार पर बिहार के किस एनटीपीसी को बिहार में पहला तथा देश में दसवां स्थान प्राप्त हुआ है?
(a) बरौनी थर्मल पावर (b) कांटी थर्मल पावर
(c) बाढ़ थर्मल पावर (d) इनमें से कोई नहीं

**32.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के किस जिले में नवनिर्मित योग एवं ध्यान केंद्र का उद्घाटन किया है?
(a) गया (b) बेगूसराय
(c) पटना (d) सिवान

**33.** जून 2023 में बर्लिन, जर्मनी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बिहार से किस खिलाड़ी का चयन किया गया है?
(a) गजेंद्र कुमार (b) सिंटू कुमार
(c) प्रदीप कुमार (d) A एवं B दोनों

**34.** पटना नगर निगम ने पटना को स्वच्छ और चकाचक बनाने के लिए किस अभियान की शुरुआत की है?
(a) मिशन क्लीन (b) चकाचक अभियान
(c) मिशन ब्राइट (d) इनमें से कोई नहीं

**35.** हाल ही में बिहार की राजधानी पटना में 4000 वर्ग फीट में बांस से बने सीता तीर्थ मंदिर का उद्घाटन किसने किया है?
(a) नीतीश कुमार (b) तेजस्वी यादव
(c) राजेंद्र विश्वनाथन आर्लेकर (d) इनमें से कोई नहीं

**36.** बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने किस जिले में ईट राइट मिलेट मेला का उद्घाटन किया ?
(a) पूर्वी चंपारण (b) पश्चिमी चंपारण
(c) पटना (d) रोहतास

**37.** किस देश में आयोजित पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में बिहार के खिलाड़ी प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया?
(a) थाईलैंड (b) सिंगापुर
(c) मलेशिया (d) इनमें से कोई नहीं

**38.** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने ठोस और तरल कचरे का वैज्ञानिक रूप से प्रबंधन करने में असफल रहे बिहार सरकार पर कितने करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है?
(a) 1 हजार करोड़ (b) 4 हजार करोड़
(c) 5 हजार करोड़ (d) 10 हजार करोड़

**39.** बिहार के किस जिले में अडानी ग्रुप 1400 करोड़ रुपए के निवेश के साथ सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करेगी?
(a) जमुई (b) नवादा
(c) औरंगाबाद (d) मुंगेर

**40.** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार लेबर हब के मामले में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?
(a) लेबर हब के मामले में उत्तरप्रदेश प्रथम स्थान पर है।
(b) इसमें बिहार दूसरे स्थान पर है।
(c) बिहार में पूर्वी चंपारण जिला लेबर हब में पहले स्थान पर है।
(d) इनमें से कोई नहीं

**41.** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में सुधार के लिए किस मिशन को लॉन्च किया है?
(a) मिशन ब्राइट (b) मिशन परिवर्तन
(c) मिशन संजीवनी (d) इनमें से कोई नहीं

**42.** तमिलनाडु में आयोजित फेडरेशन कप नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप के 400 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा जूनियर वर्ग में बिहार के गया जिले के किस एथलीट ने कांस्य पदक जीता है?
(a) कैसर कुमार (b) संजीव कुमार
(c) अभय कुमार (d) इनमें से एक से अधिक

**43.** हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के मामले में बिहार का देश में कौन-सा स्थान है?
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) अंतिम

**44.** हाल ही में पटना हाई कोर्ट के नियुक्त हुए जज अन्नी अभिषेक रेड्डी पूर्व में किस हाईकोर्ट के जज थे?
(a) तमिलनाडु हाईकोर्ट (b) आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट
(c) तेलंगाना हाईकोर्ट (d) केरल हाईकोर्ट

**45.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए बिहार के कितने शहरों में FM ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया है?
(a) 9 (b) 12
(c) 20 (d) 32

**46.** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बिहार में दूरसंचार घनत्व कितना है?
(a) 45.53 (b) 55.23
(c) 62.24 (d) 75.62

**47.** 'कंपेडियम ऑफ 75 एग्री- एंटरप्रेन्योर एंड इनोवेटर्स' नामक पुस्तिका में बिहार की किस एकमात्र महिला किसान का नाम दर्ज किया गया है?
(a) गीता देवी (b) फूलकुमारी देवी
(c) राजकुमारी देवी (d) इनमें से एक से अधिक

**48.** हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार में सड़क दुर्घटना में हुई मौतों में पिछले एक साल में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है?
(a) 50% (b) 85%
(c) 115% (d) 120%

**49.** बिहार के किन दो शहरों के बीच 40 साल बाद पुन: पैसेंजर जहाज चलाने की घोषणा की गई है?
(a) दरभंगा - भागलपुर (b) पटना - दरभंगा
(c) पटना - भागलपुर (d) भागलपुर - मुंगेर

**50.** जुलाई 2023 में मनामा, बहरीन में आयोजित होने वाले FIVB वॉलीबॉल में अंडर 22 वर्ल्ड चौंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम में बिहार के किस खिलाड़ी का चयन किया गया है?
(a) अनुज कुमार सिंह (b) राजीव रंजन सिंह
(c) सुशांत कुमार (d) इनमें से एक से अधिक

## ANSWER- KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (C) | 02. | (C) | 03. | (B) | 04. | (A) | 05. | (D) |
| 06. | (B) | 07. | (C) | 08. | (A) | 09. | (D) | 10. | (C) |
| 11. | (A) | 12. | (C) | 13. | (D) | 14. | (A) | 15. | (B) |
| 16. | (A) | 17. | (A) | 18. | (B) | 19. | (B) | 20. | (A) |
| 21. | (C) | 22. | (A) | 23. | (B) | 24. | (A) | 25. | (B) |
| 26. | (A) | 27. | (C) | 28. | (A) | 29. | (D) | 30. | (C) |
| 31. | (B) | 32. | (C) | 33. | (D) | 34. | (B) | 35. | (C) |
| 36. | (C) | 37. | (A) | 38. | (B) | 39. | (B) | 40. | (D) |
| 41. | (B) | 42. | (A) | 43. | (B) | 44. | (C) | 45. | (A) |
| 46. | (B) | 47. | (C) | 48. | (C) | 49. | (B) | 50. | (D) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880
BPSC - Mentorship
Current Affairs Capsule-56

# भारत में भू-जल संरक्षण की चुनौतियां

## भविष्य में जल सुरक्षा हेतु संरक्षण एवं प्रबंधन की अनिवार्यताएं

- भारत का भू-जल संसाधन देश की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आर्थिक विकास के साथ ही देश की बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए भू-जल का निष्कर्षण बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन, वैश्विक ऊष्मन आदि कारकों ने जल की उपलब्धता पर विपरीत प्रभाव डाला है। भविष्य में जल सुरक्षा पर आसन्न खतरे को देखते हुए, इस मूल्यवान संसाधन के संरक्षण एवं एकीकृत रूप से प्रभावी प्रबंधन की तत्काल जरूरत है।

  हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर (IITGandhinagar) के एक शोध में पाया गया है कि देश के कुल भू-जल की कमी वाले क्षेत्रों का 95 प्रतिशत हिस्सा उत्तर भारत में अवस्थित है। शोधकर्ताओं ने भू-जल में कमी (Groundwater Depletion) की स्थिति को गंभीर बताया है।
- विशेषज्ञों ने यह चेतावनी दी है कि भारत में भू-जल की कमी तब तक जारी रहेगी, जब तक कि भू-जल के अत्यधिक दोहन को कम नहीं किया जाता। भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन को कम करने के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है, ताकि वैश्विक स्तर पर औसत तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित किया जा सके।
- शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में पाया है कि जलवायु परिवर्तन तथा वैश्विक ऊष्मन के कारण वर्षा में अनुमानित वृद्धि सीधे तौर पर भू-जल भंडारण में वृद्धि में सहयोग नहीं करेगी। ऊष्मन के कारण वर्षा जल के संभावित वाष्पीकरण उत्सर्जन (Potential Evapotranspiration PET) में वृद्धि होगी। इस प्रकार भू-जल के पुनर्भरण के लिए वर्षा जल की कम मात्रा उपलब्ध होगी तथा इसके सकारात्मक परिणाम दृष्टिगत नहीं होंगे।

## भू-जल और इसका महत्व

- भू-जल से तात्पर्य जल की उस मात्रा से है, जो पृथ्वी की सतह के नीचे संतृप्त मृदा एवं चट्टान की परतों में स्थित होती है। यह पृथ्वी के सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक माना जाता है तथा पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने, मानव गतिविधियों का समर्थन करने और विश्व भर में लाखों लोगों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## भू-जल का महत्व निम्नलिखित तथ्यों से स्पष्ट होता है:

- **पेयजल आपूर्ति:** भारत सहित विश्व के अधिकांश लोगों के लिए पेयजल की आवश्यकता की पूर्ति भू-जल द्वारा की जाती है। चूंकि यह सतही जल से अपेक्षाकृत स्वच्छ होता है, ऐसे में विश्व की जनसंख्या का एक बड़ा भाग इस जल को बिना साफ किए ही सेवन कर लेता है।
- **कृषि:** भू-जल सिंचाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, खासकर सीमित वर्षा या अविश्वसनीय रूप से कम सतही जल स्रोतों वाले क्षेत्रों में भारत में कुल निष्कर्षित भू-जल के 80 प्रतिशत से अधिक भाग का प्रयोग कृषि क्षेत्र में ही होता है।
- **औद्योगिक उपयोग:** कई उद्योग अपने संचालन के लिए भू-जल पर निर्भर हैं। इसका उपयोग शीतलन, विनिर्माण प्रक्रियाओं सहित विभिन्न उत्पादों में एक घटक के रूप में किया जाता है।
- **पारिस्थितिक तंत्र का समर्थन:** भू-जल आर्द्रभूमि, झरनों और जलधाराओं सहित कई पारिस्थितिक प्रणालियों की स्थिरता को सुनिश्चित करता है। यह नदियों में पानी के प्रवाह में योगदान देता है तथा शुष्क आवधि के दौरान प्रवाह को बनाए रखता है।
- **सूखे के दौरान एक विकल्प:** भू-जल सूखे या कम वर्षा की अवधि के दौरान जलापूर्ति के महत्वपूर्ण स्रोत का कार्य करता है। इससे कृषि सहित मानव की विविध आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर सूखे जैसी प्राकृतिक आपदा का सीमित प्रभाव पड़ता है।

## भारत में भू-जल उपयोग की वर्तमान स्थिति

- पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पश्चिमोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भू-जल का अत्यधिक दोहन हुआ है। देश के इस हिस्से में भू-जल की अंधाधुंध निकासी हुई है, जिसके समग्र प्रभाव से इन क्षेत्रों में भू-जल का स्तर लगातार गिर रहा है।
- पश्चिमी भारत के एक बड़े भाग में शुष्क जलवायु पाई जाती है। देश के इस हिस्से में भू-जल पुनर्भरण सीमित है, जिससे संसाधन पर दबाव पड़ता है। यह स्थिति, विशेष रूप से राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में पाई जाती है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों सहित प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों में भू-जल की उपलब्धता कम है। देश के कुछ क्षेत्रों में सरकारी और निजी पहलों के माध्यम से भू-जल संवर्द्धन और संरक्षण उपायों को अपनाया जा रहा है। इन प्रबंधन प्रथाओं के परिणामस्वरूप भू-जल की स्थिति में सुधार हुआ है।

## भारत में भू-जल संसाधनों से जुड़ी चुनौतियां

- **अकुशल सिंचाई पद्धतियां:** पारंपरिक सिंचाई की जल उपयोग दक्षता 30 से 50 प्रतिशत है। इसकी तुलना में सूक्ष्म सिंचाई की जल उपयोग दक्षता 80 से 95 प्रतिशत है, साथ ही इसके अन्य अनेक लाभ भी हैं।
- **शहरीकरण और औद्योगीकरण:** तेजी से शहरी विकास और औद्योगिक विकास से जल की मांग बढ़ जाती है।
- गांवों से शहरों में लोगों के अधिक प्रवास के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। शहरों में बनी अनियमित बस्तियों की भू-जल पर अधिक निर्भरता होती है।
- **जागरूकता और विनियमन की कमी:** भू-जल संरक्षण के महत्व के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके साथ ही पहले से बने नियमों का अपर्याप्त प्रवर्तन भू-जल संसाधनों के अत्यधिक दोहन और कुप्रबंधन में योगदान देता है।
- **जलवायु परिवर्तन:** अनियमित वर्षा, सूखा और बढ़े हुए तापमान सहित मौसम के बदलते पैटर्न का असर भू-जल पुनर्भरण पर पड़ता है। जलवायु परिवर्तन भू-जल स्रोतों की प्राकृतिक पुनः पूर्ति को बाधित कर सकता है।
- **भू-जल प्रदूषण:** औद्योगिक गतिविधियों से होने वाला प्रदूषण, कृषि अपवाह और अपर्याप्त स्वच्छता प्रणालियां भू-जल स्रोतों को दूषित कर सकती हैं। उदाहरण के लिए फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट, आयरन और भारी धातु जैसे प्रदूषक विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में अनुमेय सीमा से अधिक पाए जाते हैं।
- **डेटा और निगरानी की कमी:** भू-जल संसाधनों पर अपर्याप्त डेटा और अपर्याप्त निगरानी प्रणालियां भू-जल स्तर की वर्तमान स्थिति, प्रवृत्तियों और परिवर्तनों को समझना चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। इसके कारण नीति निर्माताओं को एक संसूचित निर्णय लेने एवं नियोजन से संबंधित समस्याएं भी पैदा होती हैं।

## भू-जल के संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित पहलें

- **राष्ट्रीय जल नीति, 2012:** यह नीति भू-जल सहित सतत जल प्रबंधन के लिए सिद्धांतों, उद्देश्यों और रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करती है। इसका उद्देश्य मौजूदा स्थिति का आकलन करना और एकीकृत राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के साथ कार्य योजना के लिए एक रूपरेखा प्रस्तावित करना है।
- **मॉडल विधेयक और दिशा-निर्देश:** केंद्र सरकार ने केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) जैसी अपनी एजेंसियों के माध्यम से, भू-जल प्रबंधन पर मॉडल विधेयक और दिशा-निर्देश विकसित किये हैं। ये राज्यों के लिए अपने क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं और स्थितियों के आधार पर, स्थानीय विशेषताओं के अनुरूप, नीतियों का मसौदा तैयार करने के लिए मार्ग-दर्शक के रूप में कार्य करते हैं।
- **जल जीवन मिशन:** जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित इस मिशन का उद्देश्य जल की कमी के महत्वपूर्ण मुद्दे का समाधान करना और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस मिशन के तहत भू-जल प्रबंधन, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन के माध्यम से पुनर्भरण और पुनः उपयोग जैसे प्रयास किए जा रहे हैं।
- **केंद्रीय भू-जल बोर्ड का मास्टर प्लान:** केंद्रीय भू-जल बोर्ड ने देश में वर्षा जल संचय को बढ़ाने और भू-जल के स्तर में सुधार के लिए एक वृहद मास्टर प्लान ( 2020 ) तैयार किया है। इसमें देश भर के भौगोलिक क्षेत्रों में उनकी स्थलाकृति के अनुसार वर्षा जल संचय / भू-जल रिचार्ज संरचनाओं के निर्माण की सिफारिश की गई है।
- **अमृत सरोवर मिशन:** 24 अप्रैल, 2022 को प्रधानमंत्री ने एक विशिष्ट अमृत सरोवर मिशन' का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में तालाबों यानी सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में 15 अगस्त, 2023 तक 50,000 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया

गया। अमृत सरोवर मिशन में पुराने जलाशयों के जीर्णोद्धार का लक्ष्य भी शामिल किया गया है।

- **अटल भू-जल योजना:** यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सतत भू-जल प्रबंधन पर केंद्रित है। इस योजना को पहले से चली आ रही जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं के अभिसरण के पश्चात अप्रैल 2020 से 7 राज्यों (गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) में लागू किया गया है।
- **जलभृत मानचित्रण एवं प्रबंधन कार्यक्रम:** सीजीडब्ल्यूबी ने पूरे देश के लिए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया। जलभृत मानचित्रण कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के साथ जलभृत / क्षेत्र विशिष्ट भू-जल प्रबंधन योजनाओं को तैयार करना है।

## जल संसाधन पर स्थायी समिति

- परबतभाई सवाभाई पटेल की अध्यक्षता में जल संसाधन पर स्थायी समिति (Standing Committee on Water Resources) का गठन किया गया था। इस समिति ने 17 मार्च, 2023 को भू-जल पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समिति की मुख्य अनुशंसाएं निम्नलिखित हैं:

- **केंद्रीय निकाय का निर्माण:** जल से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए एक केंद्रीय निकाय की स्थापना की जानी चाहिए। इसके माध्यम से राज्य और केंद्रीय संस्थाओं के बीच समन्वय में सुधार किया जा सकेगा।
- **विधायन:** भू-जल प्रबंधन कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विधान का निर्माण किया जाना चाहिए, जिसमें विभिन्न हितधारकों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का उल्लेख किया जाना चाहिए।
- **भू-जल प्रदूषण:** इस प्रदूषण के निवारण के प्रयासों के समन्वय के लिए एक केंद्रीय प्राधिकरण की स्थापना की जानी चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण कानूनों में संशोधन कर उल्लंघन करने वालों पर मौद्रिक दंड के प्रावधान भी किये जाने चाहिए। इसके साथ ही भू-जल प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अधिक वित्त आवंटित किया जाना चाहिए।
- **भू-जल प्रबंधन:** मौजूदा जल निकायों के कायाकल्प का समर्थन करने के लिए योजनाओं को संशोधित किया जाना चाहिए। जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से प्रयासों का समन्वय किया जाना चाहिए। राज्यों को भू-जल प्रबंधन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जानी चाहिए।

## प्रभावी भू-जल प्रबंधन हेतु क्या किया जाना चाहिए?

- **वर्षा जल का संचय करना:** मानसून के दौरान होने वाली वर्षा के जल को संचित करने के लिए जल संचय संरचनाओं का निर्माण जाना चाहिए, जिससे कि आवश्यकता होने पर इसका उपयोग किया जा सके। यह अभ्यास भू-जल की मांग को कम करता है और जलभृतों को रिचार्ज करने में भी मदद करता है।
- **जल संरक्षण को बढ़ावा देना:** व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तरों पर जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भू-जल का सर्वाधिक प्रयोग कृषि में होता है, अत: कृषि में उन उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जो कम जल का उपयोग कर अधिक फसल उत्पादन को बढ़ावा दे सकें। इसके साथ ही उद्योगों में तथा घरेलू स्तर पर भी जल के संरक्षण के प्रयास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- **पुनर्भरण पर बल देना:** भू-जल के पुनर्भरण के लिए पुनर्भरण संरचनाओं जैसे कि अंत:स्राव टैंक (Percolation Tanks), पुनर्भरण कुएं (Recharge Wells), चेक डैम आदि का निर्माण किया जाना चाहिए। ये संरचनाएं सतह पर प्रवाहित होने वाले जल को भूमि में जाने एवं संचित होने में मदद करती हैं।
- **कुशल सिंचाई तकनीक को अपनाना:** ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिस्टम जैसी कुशल सिंचाई तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ये तकनीक जल की बर्बादी को कम करती हैं और कृषि में जल - उपयोग दक्षता में सुधार करती हैं। फसल चयन और चक्रण को बढ़ावा देना: उन फसलों की खेती को बढ़ावा देना चाहिए, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है या जो स्थानीय जलवायु के लिए बेहतर अनुकूल हैं। फसल चक्रण प्रथाओं को प्रोत्साहित कर कृषि में जल की मांग को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही यह मृदा के स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद कर सकता है।
- **भू-जल निगरानी प्रणाली स्थापित करना:** जल-स्तर और गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए एक मजबूत भू-जल निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। नियमित निगरानी से सतत भू-जल प्रबंधन के संबंध में निर्णय लेने में मदद मिलती है।
- **भू-जल विनियमन और लाइसेंसिंग को मजबूत बनाना:** भू-जल निष्कर्षण के लिए विनियम और लाइसेंसिंग तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। भू-जल के दोहन की निगरानी और नियंत्रण के लिए एक प्रणाली लागू की जा सकती है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जल की निकासी पुनर्भरण से अधिक न हो।

☞ एकीकृत रूप से जल संसाधन का प्रबंधन करना: जल संसाधन प्रबंधन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, जो सतही जल और भू-जल प्रणालियों के अंतर्संबंध पर आधारित हो। सरकारी एजेंसियों, समुदायों और जल उपयोगकर्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

☞ **प्रभावी प्रशासन तंत्र स्थापित करना:** भू-जल प्रबंधन के लिए प्रभावी प्रशासन तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। इसमें भू-जल उपयोग को विनियमित करने, अनुपालन की निगरानी करने, संस्थागत समन्वय को सुनिश्चित करने का एक प्रभावी तंत्र निर्मित किया जाना चाहिए।

## निष्कर्ष

☞ भविष्य में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत के भू-जल संसाधनों का संरक्षण करना अत्यावश्यक है। गिरते भू-जल स्तर, अत्यधिक दोहन और प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी प्रबंधन प्रथाएं महत्वपूर्ण होंगी। सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देकर, सतत जल प्रथाओं एवं मजबूत नियामक ढांचे को लागू करके भारत भू-जल संरक्षण को बढ़ावा दे सकता है। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण के लिए देश के भू-जल संसाधन को सुरक्षित करना समय की मांग है।

❑❑❑

# राष्ट्रीय स्तर पर बिहार

1. नीति आयोग द्वारा 17 जुलाई 2023 को जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सुचकांक के अनुसार सबसे ज्यादा गरीबी किस राज्य में है- **बिहार (33.76% आबादी गरीब)**
2. किस राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने पहली बार पारा मेडिकल काउंसिल गठित करने का फैसला किया- **बिहार**
3. किस राज्य सरकार ने अपने राज्य के सभी दुधारू पशुओं की बीमा करने का निर्णय लिया है- **बिहार**
4. मई 2023 में किस नगर निगम ने भारत में पहली डिजिटल करेंसी जारी किया- **पटना नगर निगम**
5. भारत का पहला NTPS (National Transit Pass System) लागू करने वाला राज्य कौन बना- **बिहार**
6. भारत के पहले पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की आधारशिला कहाँ रखी गई- **पटना**
7. किस राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में बच्चों का आधार कार्ड बनवाने की घोषणा की- **बिहार**
8. मौसम मोबाइल ऐप को विकसित करने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना- **बिहार**
9. किस देश की सरकार ने अपने यहाँ लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बिहार की मुख्यमंत्री साइकिल योजना को अपनाया है- **जांबिया**
10. भूकंप क्लिनिक खोलने की घोषणा किस राज्य सरकार ने की- **बिहार**
11. भारत का पहला श्वन हेल्थ लैब का उद्घाटन बिहार के किस जिले में किया गया- **मुजफ्फरपुर**
12. लड़कियों और महिलाओं के लिए माहवारी स्वच्छता पर रोड मैप तैयार करने वाला भारत का पहला राज्य कौन है - **बिहार**
13. दुनिया के सबसे ऊँची सड़क (उमलिंगला) पर साईकिल से सफर तय करने वाली पहली महिला साईक्लिस्ट कौन बनीं - **सबिता महतो, बिहार**
14. पुलिस में महिलाओं की सबसे अधिक भागीदारी के मामले में भारत का पहला राज्य कौन है- **बिहार**
15. पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा पेप्सी बॉटलिंग प्लांट बिहार के किस जिले में शुरू किया गया है- **बरौनी (बेगूसराय)**
16. भारत का पहला गैंडा प्रजनन एवं संरक्षण केन्द्र कहाँ बनकर तैयार हुआ? **संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना**
17. भारत का दूसरा एवं बिहार का पहला वानिकी कॉलेज कहाँ खोला गया- **मुंगेर**
18. भारत का पहला केवल पत्थरों से निर्मित बौद्ध स्तूप का निर्माण कहाँ किया जा रहा है- **वैशाली**
19. गया के फल्गु नदी पर बने देश के सबसे लम्बे रबर डैम (गयाजी डैम) की लम्बाई कितनी है- **411 मीटर**
20. बच्चों के लिए भारत का पहला कैंसर अस्पताल कहाँ बनेगा- **पटना**

21. काम के खोज के लिए बिहार से बाहर जाने वाले लोगों में दूसरा स्थान किस राज्य का है- **बिहार ( पहला- उत्तर प्रदेश )**

22. दुनिया का पहला रामायण विश्वविद्यालय कहाँ बनेगा- **वैशाली, बिहार**

23. भारत का पहला पावर म्यूजियम कॉम्प्लेक्स कहाँ बन रहा है- **पटना**

24. सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1 के बच्चों की संख्या के मामले में कौन-सा राज्य प्रथम स्थान पर है- **बिहार**

25. बहुद्देशीय प्रकाशपुंज पर्यटन केन्द्र का उद्घाटन कहाँ किया गया- **दीदारगंज, पटना**

•

## बिहार में प्रथम

26. बिहार का पहला बैडमिंटन अकादमी कहाँ खुलेगा- **भागलपुर**

27. बिहार का पहला ODF मॉडल प्रखंड किसे घोषित किया गया है- **इस्माइलपुर प्रखंड, भागलपुर**

28. जल जीवन सर्वेक्षण 2023 के तहत बिहार के किस जिला को प्रथम स्थान मिला- **समस्तीपुर**

29. बिहार का पहला वन्य जीव अस्पताल किस जिला में खोला जा रहा है- **मुजफ्फरपुर**

30. बिहार के किस गाँव को पहला स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किया जायेगा- **बाबरचक गाँव, बांका**

31. भारत का दूसरा सबसे बड़ा हड्डी अस्पताल का निर्माण कहाँ किया जा रहा है- **पटना**

32. बिहार का सबसे बड़ा ब्लड बैंक कहाँ बनाया जा रहा है- **मुजफ्फरपुर**

33. भगवान बुद्ध की सबसे ऊँची प्रतिमा बिहार में कहाँ बनायी जा रही है - **हिसुआ, नवादा**

34. बिहार के किस जिले से नेपाल के बीच पहली मालगाड़ी चलायी गयी- **अररिया जिला के बथनाहा से**

35. बिहार में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस कहाँ से कहाँ तक चलायी गयी- **पटना से राँची**

36. बिहार का पहला वाहन ऑटोमेटिक फिटनेस जाँच केन्द्र कहाँ स्थापित किया जा रहा है- **बिहटा, पटना**

37. बिहार का पहला डाक निर्यात केन्द्र कहाँ खोला जायेगा - **GPO, पटना**

38. पूर्वी भारत का पहला मातृत्व देखभाल कौशल संवर्धन केन्द्र कहाँ शुरू किया गया- **पटना**

39. बिहार में पहली बार हाइड्रोपोनिक विधि से पत्तेदार सब्जियों की खेती किस जिला में शुरू की गई- **नालंदा**

40. बिहार की पहला राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना कहाँ की गई-**हाजीपुर, वैशाली**

41. बिहार का पहला फल और सब्जी के लिए निर्यात सेंटर कहाँ बनाया जा रहा है- **पटना**

42. गरूड़ गणना रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार भारत के किस राज्य में गरूड़ों की संख्या सर्वाधिक है- **बिहार**

43. बिहार के किस जिले में गरुड़ सर्वाधिक पाये जाते हैं-**भागलपुर**

44. बिहार का पहला साइबर थाना किस जिले में खोला गया है- **पटना**

45. हाथीपांव मरीजों को दिव्यांगता की श्रेणी में जोड़ने वाला बिहार का पहला जिला कौन बना- **पूर्णिया**

46. अफ्रिका के सबसे ऊँचे पर्वत माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का रिकॉर्ड बिहार के किस पर्वतारोही द्वारा बनाया गया-**लक्ष्मी झा**

47. बिहार के किस जिले में राज्य का चौथा एयरपोर्ट का निर्माण किया जायेगा- **पूर्णिया**

48. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) ने बिहार सरकार को किस नदी में घडियाल वन्यजीव अभ्यारण्य बनाने का निर्देश दिया- **सोन नदी**

49. बिहार का दूसरा इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन कहाँ किया गया- **मोतीपुर, मुजफ्फरपुर**

50. बिहार दिवस 2023 का थीम क्या था- **युवा शक्ति बिहार की प्रगति**

51. भारतीय डाक विभाग ने बिहार के किस कृषि उत्पाद पर 5 रुपया का नया डाक टिकट जारी किया-**मुजफ्फरपुर का शाही लीची**

52. बिहार सरकार ने अपने किस प्राधिकरण को स्वायत्त संस्था के रूप में कानूनी मान्यता दी- **बिहार राज्य खेल प्राधिकरण**

53. बिहार का पहला ऑक्सीजन पार्क किस जिले में बनाया जा रहा है- **थावे, गोपालगंज**

54. बिहार के किस जिले में राज्य का पहला क्लाइमेट चेंज लर्निंग लैब खोला गया है- **पटना**

55. बिहार के किस रेलवे स्टेशन पर पहला ब्रेल लिपि मैप लगाया गया है- **पटना जंक्शन**

56. बिहार का पहला फायर ब्रिगेड ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट सेंटर कहाँ खोला जायेगा- **बिहटा ( पटना )**

57. एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुँचने वाली बिहार की पहली महिला कौन बनी - **लक्ष्मी झा ( सहरसा )**

58. 100 प्रतिशत हर घर नल का जल पहुँचाने वाला बिहार का पहला जिला कौन बना- **अरवल**

59. बिहार में सिंगल यूज प्लास्टिक कब से बैन किया गया- **1 जुलाई 2022**

60. बिहार का चौथा कृषि रोड मैप कब से लागू किया गया- **1 अप्रैल 2023**

61. बिहार का चौथा कृषि रोड मैप किस अवधि के लिए होगा- **1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 तक**

62. अल्ट्राफास्ट 5G सेवा की सुविधा देने वाला बिहार का पहला हवाई अड्डा कौन बना- **पटना हवाई अड्डा**

63. बिहार की सबसे बड़ी पेयजल पाइप लाइन योजना कौन-सी है- **गंगा जल आपूर्ति योजना**

64. बिहार के सभी विद्यालयों में किस दिन ''नो बैग डे'' घोषित किया गया- **प्रत्येक शनिवार**

65. बिहार के सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का लोकार्पण किस शहर में किया गया- **पटना**

66. बिहार के किस जिले में राज्य का दूसरा डॉप्लर रडार लगाये जाने की घोषणा की गई- **पूर्णिया**

67. भोजपुरी का पहला ओटीटी (OTT) ऐप किस नाम से लॉन्च किया गया- **चौपाल**

68. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बिहार का सबसे बड़ा परीक्षा भवन (25 हजार सीट) कहाँ बनाया जा रहा है- **पटना**

69. बिहार का पहला पानी में तैरता हुआ सोलर पावर प्लांट कहाँ बनकर तैयार हो गया- **दरभंगा**

70. मलबरी सिल्क की पहली कंपनी बिहार में कहाँ खोली गई- **पूर्णिया**

71. बिहार में कहाँ राज्य का पहला जैविक खेती मॉडल प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जायेगा- **फतुहा, पटना**

72. बिहार का पहला जैव विविधता पार्क कहाँ खोला गया- **अररिया**

73. बिहार का पहला ट्रैफिक पार्क किस जिला में बनाया जा रहा है- **पटना**

74. बिहार के किस पर्यटन स्थल पर राज्य का पहला व्याख्यान बनाया गया - **जू-सफारी ( राजगीर )**

75. 41वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में किस पवेलियन को रजत पदक प्राप्त हुआ- **बिहार**

76. इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस सेवा शुरू करने वाला बिहार का पहला जिला कौन है- **नालंदा**

77. बिहार कैबिनेट के फैसले अनुसार खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष कौन होगें - **मुख्यमंत्री**

78. अमृत सरोवर निर्माण के तहत बिहार में सर्वाधिक सरोवर का निर्माण किस जिले में किया जायेगा- **कटिहार**

79. बिहार का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क कहाँ बनेगा- **जैतिया गाँव ( पटना )**

80. प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत पूर्व मध्य रेलवे का पहला गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल कहाँ शुरू किया गया- **बरौनी**

81. बिहार का पहला कछुआ पुनर्वास केन्द्र कहाँ खोला गया- **भागलपुर**

82. देशी नस्ल के गायों का संरक्षण और संवर्धन करने के लिए बिहार में गोवंश विकास संस्थान की स्थापना कहाँ होगी- **पटना**

83. बिहार में पहली बार किस जिले के पुलिस द्वारा पेड़ों का ऑडिट कराया गया- **अरवल**

84. बिहार में किस धाम का विकास हरिद्वार के हरकी पौड़ी के तर्ज पर किया जायेगा- **सिमरिया धाम ( बेगूसराय )**

85. बिहार में नील गाय शोध संस्थान की स्थापना कहाँ की जायेगी- **डुमरांव ( बक्सर )**

86. बिहार राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान का उद्घाटन कहाँ किया गया- **कोइलवर, भोजपुर**

87. मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना कब प्रारंभ की गई- **15 सितंबर, 2022**

88. बिहार का पहला आईटी मॉडल रूम कहाँ निर्मित किया जा रहा है- **गया**

89. मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना कब से कब तक लागू किया जायेगा- **2022-23 से 2026-27 तक**

90. बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों की गिरफ्तारी के लिए कौन-सा अभियान चलाया जा रहा है- **ऑपरेशन प्रहार**

91. गंगाजल आपूर्ति योजना के लिए पाइपलाइन की कुल लम्बाई कितना किमी. है- **151 किमी.**

92. हर घर गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत प्रत्येक घर में प्रति दिन कितने लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा- **135 लीटर**

93. बिहार का पहला फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे कहाँ से कहाँ तक बन रहा है- **औरंगाबाद-पटना- दरभंगा**

94. बिहार का पहला एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट लैब का निर्माण कहाँ किया गया- **IGIMS, पटना**

95. राष्ट्रमंडल खेल 2022 में बिहार के किस खिलाड़ी ने लॉन बाउल्स में सिल्वर मेडल जीता- **चंदन कुमार सिंह (मुंगेर)**

96. बिहार के किस स्टेशन का नाम बदलकर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन करने की घोषणा की गई है-

**रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन**

97. आउटलुक ट्रेवलर अवार्ड 2022 में किसे सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक स्थल का सम्मान दिया गया- **बोधगया**

98. बिहार में भगवान शिव की सबसे ऊँची (111 फीट) प्रतिमा किस जिले स्थापित की जायेगी- सासाराम

99. समाधान यात्रा की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 4 जनवरी, 2023 को कहाँ से की-

**वाल्मीकि नगर, पश्चिम चम्पारण**

100. बिहार का पहला रिवर सफारी कहाँ शुरू किया गया-

**दुर्गावती जलाशय में (कैमूर)**

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR